हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

तकनीकी शब्दावली पर व्याख्यान

लखनऊ। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के परिसर में 'भारत में तकनीकी शिक्षा पर भारतीय भाषा में तकनीकी शब्दावली का महत्व' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय कार्यशाला में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्च शिक्षा विभाग) भारत सरकार की ओर से कराई गई। इसमें राजधानी के साथ ही देश के कई दूसरी जगहों से आए विशेषज्ञों ने भी विचार व्यक्त किया। इंट्रीग्रल विश्वविद्यालय में अग्रेजी विभाग के प्रो. एसजेडएच आब्दी ने क्षेत्रीय भाषा के संदर्भ में शब्दावली के सही उपयोग पर जोर दिया।

कई वक्ताओं का कहना था कि तकनीकी शब्दावली के विकास पर लगातार काम करने की जरूरत है। निदेशक प्रो. भावेश कुमार चौहान, प्रो. उषा सिन्हा, एकेटीयू के डॉ. विनीत कंसल आदि ने विचार व्यक्त किया।